# अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार

संख्या 171 श्री विजय पुरम, मंगलवार, 24 जून 2025 web: www. andam


## सीआईएआरआई द्वारा योग संगम के रूप में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया









श्री विजय पुरम, 23 जून।

श्री विजय पुरम स्थित आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई) ने निकोबार तथा नीम्बूडेरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से राष्ट्रीय अभियान योग संगम के तहत 21 जून, 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया, जिसका विषय था "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" समारोह की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री के विशाखापत्तनम से दिए गए संबोधन के लाइव प्रसारण से हुई, जिसे आईसीएआर–सीआईएआरआई के गेस्ट हाउस कॉमन हॉल में सुबह 6.30 बजे से 7 बजे तक प्रसारित किया गया। इस सत्र में आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर, वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक, कुशल सहायक कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए। योग सत्र सुबह 7 बजे शुरू हुआ, जिसमें निदेशक ने प्रशिक्षकों श्रीमती वंदना और कुमारी किरूतिका का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। नोडल अधिकारी (योग) और मुख्य प्रशिक्षक श्री श्याम सुंदर राव ने सत्र का नेतृत्व करने से पहले प्रतिभागियों को सुरक्षा निर्देशों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में प्रारंभिक प्रार्थना शामिल थी, जिसके बाद आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन किया गया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से वार्म–अप व्यायाम, योगासन और प्राणायाम किए। प्रोटोकॉल के अनुसार संकल्प और समापन प्रार्थना भी की गई। अपने संबोधन में डॉ. चाकुरकर ने शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने सभी को स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन श्री ब्रजेश कुमार द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सीआईएआरआई से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।